सैकड़ों होमियोपैथिक और 12 बायोकैमिक औषधियों पर आधारित हर रोग का इलाज।

नूतन

होमियोपैथिक गाइड

लेखक :

आबिद रिजवी

एम० ए० बी० एड०

(पारिवारिक चिकित्सा हेतु)

[होमियोपैथिक दवायें हर शहर के होमियोपैथिक स्टोर पर मिलती हैं।]

प्रकाशक :

नूतन पॉकेट बुक्स

ईश्वरपुरी, मेरठ–शहर

नूतन प्राथमिक एवं घरेलू चिकित्सा

आकस्मिक दुर्घटना पर किसी का
अधिकार नहीं

आकस्मिक दुर्घटना होते ही जीवन रक्षा के लिए
सर्वप्रथम 'फर्स्ट एड' की आवश्यकता पड़ती है।
फर्स्ट एड के समस्त गुणों व चित्रों
सहित यह पुस्तक न सिर्फ ज्ञान-
वर्धक है बल्कि सिविल

डिफेन्स, स्काउटिंग, एन० सी० सी० तथा स्कूली
परीक्षाओं के लिये भी उपयोगी है।
फल-फूलों, सब्जियों तथा घर में काम
आने वाली सैंकड़ों चीजों से प्राकृतिक
उपचार करने हेतु यह पुस्तक हर
घर परिवार में रखने योग्य है।

मूल्य — दस रुपये

नूतन पॉकेट बुक्स
ईश्वरपुरी, मेरठ-2

दो शब्द,

संसार में औषधियों द्वारा रोगों की चिकित्सा करने की जितनी भी पद्धतियां प्रचलित हैं उनमें होमियोपैथी सबसे सस्ती सरल और सहज विधि है। बढ़ती महंगाई के आज के युग में जबकि इन्सान पौष्टिक भोजन के लिये भी उचित धन नहीं जुटा पाता यदि घर में किसी को रोग लग जाता है तो उपचार कराना परेशानी की बात हो जाती है और फिर रोग के हमले का कोई समय भी नहीं—आधी रात को बुखार, हैजा, दस्त जैसे रोग आक्रमण कर बैठते हैं तो पूरा परिवार चिन्तित हो जाता है—पर घर में यदि आप इस पुस्तक को देख-समझ कर अपनी आवश्यकतानुसार चुनी हुई दवाएं रखते हैं तो निश्चित रूप से परेशान होने की जरूरत नहीं रह जायेगी।

होमियोपैथी की दवाएं कम से कम मूल्य की होती हैं—इनसे न सिर्फ आप घरेलू इलाज कर सकते हैं बल्कि अड़ोस-पड़ोस के लोगों को दवा देकर उपकार कर सकते हैं।

होमियोपैथिक दवाओं द्वारा किसी के नुकसान होने, रिएक्शन होने का खतरा नहीं रहता, इन दवाओं का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता।

संसार के करोड़ों लोग होमियोपैथी की दवाओं पर विश्वास कर इनसे लाभ उठा रहे हैं। आप भी विश्वास करके एक बार दवा लेने का प्रयास आरम्भ करें विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि आप अन्य पद्धति की दवा लेना भूल जायेंगे।

अधिक सुविधा के लिये बायोकैमिक की 12 दवाओं का भी वर्णन इस पुस्तक में कर दिया गया है, जो घरेलू उपचार के लिये बेहद सरल और उपयोगी हैं।

पुस्तक के विषय में अपनी राय देना न भूलें।

—प्रकाशक

[illegible]

प्रकाशक :
नूतन पाकेट बुक्स
शिवपुरी मेरठ-2

पुस्तक :
नूतन होमियोपैथिक गाइड

लेखक :
आबिद रिजवी
एम० ए० बी० एड०

मुद्रक :
विपिन प्रिन्टर्स,
शिव शक्ति नगर, मेरठ-2

मूल्य : दस रुपये मात्र

विषय-सूची

1 होमियोपैथी क्या है ?	9
2 गुण एवं विशेषता	11
3 होमियोपैथी ही सफल क्यों	12
4 रोग और उपचार	14
5 होमियोपैथी के जन्मदाता	15
6 दवाइयों की शक्ति	17
7 दवाई रखने का ढंग	18
8 खराब या बिगड़ी दवा	18
9 दवा की मात्रा	18
10 दवा प्रयोग का समय अन्तर	19
11 मुख्य 25 दवाइयों के नाम	20
12 लक्षण अनुसार औषधियां	20
13 बायोकैमिक क्या है ?	36
14 बायोकैमिक की 12 औषधियां	39
15 रोग के लक्षण एवं परीक्षण	58
16 शरीर मे गर्मी की परीक्षा	60
17 नाड़ी की गति	61
18 श्वास परीक्षण	63
19 त्वचा परीक्षण	63
20 मल मूत्र परीक्षण	64
21 रोगी के लक्षण	66
22 छाती की परीक्षा	71
23 एनीमा क्या है ?	74
24 भोजन एवं पथ्य	68
25 चिकित्सा की विस्तृत विधियां	80

26 सामान्य ज्वर उपचार 81
27 विषम ज्वर (मलेरिया) उपचार 84
28 अविराम ज्वर उपचार 91
29 मियादी बुखार उपचार 91
30 आरक्त ज्वर उपचार 94
31 काला ज्वर उपचार 97
32 हैजा उपचार 98
33 डायरिया उपचार 99
34 कालरा उपचार 100
35 प्लेग उपचार 102
36 मानसिक रोग लक्षण 104
37 विषाद 104
38 प्रसव के बाद का उन्माद 105
39 वाक् रोग उपचार 107
40 दिमागी कमजोरी उपचार 108
41 सामान्य रोग उपचार 110
42 सर दर्द 110
43 चक्कर 113
44 आंखों के कुछ रोग 114
45 आंख के रोग से सावधानियां 115
46 नजला-जुकाम 116
47 दांत दर्द और इलाज 118
48 मुख रोग और इलाज 121
49 गले के रोग 122
50 वमन उपचार 122
51 स्वप्न दोष का इलाज 124
52 नपुंसकता 125
53 प्रमुख स्त्री रोग 126
54 ऋतु विकार 126

55 अधिक रक्त	127
56 श्वेत प्रदर (लिकोरिया)	128
57 हिस्टीरिया	129
58 प्रसव रोग	131
59 प्रसव बाद के रोग	133
60 पीलिया	134
61 गठिया	135
62 पित्ती या उछाली	137
63 कील मुहासे	138
64 चोट	140
65 हड्डी की टूट-फूट	140
66 जन्तुओं के काटे का इलाज	142
67 मक्खी-ततैया	142
68 बिच्छू	142
69 सांप	142
70 आकस्मिक दुर्घटनाएं	144
71 आग से जलना	144
72 कट जाना	145
73 आघात	145
74 दांत से खून निकलना	146
75 सिर में चोट	146
76 नील पड़ना	146
77 मोच	146
78 पानी में डूबना	147
79 बिजली गिरना	147
80 हड्डी उतर जाना	147
81 कुत्ता या सियार का काटना	148
82 बालकों के रोग	148

82 [illegible] [illegible]
83 [illegible] [illegible]
84 [illegible] [illegible]
85 [illegible] [illegible]
86 [illegible] [illegible]
87 आंतों के विभिन्न रोग [illegible]
88 कान के विभिन्न रोग [illegible]
89 नाक के विभिन्न रोग [illegible]
90 मुख के भीतर के रोग [illegible]
91 डिप्थीरिया [illegible]
92 स्वर भंग [illegible]
93 हृदय रोग 162
94 फेफड़ों के रोग 161
95 जुकाम या सर्दी 161
96 दमा 163
97 यक्ष्मा (टी० बी०) 163
98 आंतों की टी० बी० 164
99 सर दर्द के प्रकार 166
100 आंत उतरना (हर्निया) 168
101 बाल झड़ना 170
102 कार्बंकल 171
103 मूत्र प्रदाह 173
104 अण्डकोष का प्रदाह 173
105 अण्डकोष में पानी उतरना 174
106 सिफलिस 175
107 सुजाक 176
108 बालिदन 177
109 होमियोपैथी की 70 महत्वपूर्ण दवाओं के गुण और उनसे रोग के इलाज 178

होमियोपैथी क्या है ?

रोगों को दूर करने के लिये इस संसार में भांति-भांति की इलाज पद्धतियां प्रचलित हैं। और आज का युग, अगर आपको राह चलते छींक आ जाये तो जनाब अगर आपके करीब दस लोग खड़े हैं तो कम से कम दस में से नौ अवश्य अपने-अपने ढंग से इलाज बता देंगे। शायद एक व्यक्ति ही समझदार निकले जो रोग का लक्षण समझकर उचित इलाज का सुझाव दे।

संक्षेप में होमियोपैथी की परिभाषा के बारे में यदि कहा जा सकता है कि रोग के लक्षण देखकर इलाज करने वाली चिकित्सा पद्धति।

वैसे तो अनेक चिकित्सा पद्धतियों का चलन आदिम काल से चला आ रहा है—जिसमें आयुर्वेद यानि वैद्यक को सबसे प्राचीन माना जाता है। आयुर्वेद का अर्थ जड़ी-बूटियों से इलाज। अपने जंगली जीवन में इन्सान को जड़ी-बूटियों के प्राकृतिक गुणों के सहारे जीवित और अपने को स्वस्थ रखना पड़ता था। उसे प्रकृति का नियम कह सकते हैं कि जिस चीज की जरूरत इन्सान को होती है उसे हासिल करने के प्रयास में लग जाता है। इन्सान की बात छोड़ दी जाये—पशु-पक्षी भी अपना इलाज खुद कर लेते हैं। आपने कुत्तों को घास खाते देखा होगा—हालांकि घास खाना कुत्ते का काम नहीं, पर पेट खराब होने की दशा में वह घास खाता है और घास खाकर वमन (उल्टी या कै) करता है। अपना खराब पेट सही कर लेता है।

[illegible]

[illegible]

[illegible]

अन्य पैथियों की चिकित्सा विधियां मुख्यतः विपरीत चिकित्सा सिद्धान्त पर आधारित हैं अर्थात् उनमें रोग को दूर करने के लिये प्रायः ऐसी औषधियों का सेवन कराया जाता है जो— रोग के लक्षणों से विपरीत गुण धर्म वाली होती हैं।

होमियोपैथी इन सबसे भिन्न प्रकार की चिकित्सा प्रणाली है। इसमें किसी रोग को दूर करने के लिये, उस रोग के समान ही गुण धर्म वाली औषधि का प्रयोग किया जाता है—इसी को 'सदृश चिकित्सा पद्धति' भी कहते हैं।

इस बात को और भी सरलता के साथ इस तरह से समझा जा सकता है कि जहाँ विपरीत चिकित्सा पद्धतियों में गर्मी को दूर करने के लिये ठण्डी औषधि दी जाती है, वहाँ होमियोपैथी अर्थात् सदृश चिकित्सा पद्धति में गर्मी को दूर करने के लिये गर्मी उत्पन्न करने वाली औषधि का ही प्रयोग किया जाता है। दूसरे शब्दों में 'जहर की काट जहर होती है' वाली कहावत लागू होती है।

भारतीय आयुर्वेद ग्रन्थों में भी 'विषस्य विषमौषधम्' का

सूत्र का जो वर्णन है—'विष की चिकित्सा विष ही है' यह वाक्य ही होमियोपैथी का प्रारम्भिक सूत्र है।

आयुर्वेद ग्रन्थों में भले ही विष की चिकित्सा विष ही है की बात लिखी हो मगर आयुर्वेद चिकित्सा इस पर पूरी तरह निर्भर नहीं करती।' इसमें बहुत सी औषधियां ऐसी हैं जिनकी गणना सदृश चिकित्सा के अन्तर्गत की जा सकती है। परन्तु अधिकांश औषधियां विपरीत चिकित्सा पद्धतियों पर ही आधारित है।

यही बात यूनानी तथा एलोपैथी में भी पाई जाती है।

होमियोपैथी गुण एवं विशेषता :—होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति उपरोक्त तीनों प्रचलित चिकित्सा पद्धतियों से भिन्न है। इसमें प्रत्येक रोग के लिये सदृश गुण धर्म वाली औषधियों का प्रयोग किया जाता है। अतः होमियोपैथी अन्य चिकित्सा पद्धतियों से अपना भिन्न स्थान रखती है।

प्रकृति का यह नियम है कि वह शरीर में एक जैसे दो रोग का नहीं रहने देती—एक ही शरीर में दो असमान रोगों की उपस्थिति रह सकती है—और यह भी हो सकता है कि शरीर में पहले से ही चल रहे किसी एक रोग को दबाकर दूसरा असमान रोग स्वयं प्रबल हो उठे—तथा वह अपने प्रभाव काल में पहले वाले रोग के लक्षणों को प्रकट न होने दे।

ऐसी स्थिति में जबकि शरीर में दो असमान रोग एक साथ हों, तब प्रबल वेग वाले रोग अपना भोग काल समाप्त कर लेता है।

विपरीत विधान वाली चिकित्सा पद्धतियों (एलोपैथी आदि) में औषधियों द्वारा शरीर में कृत्रिम विपरीत रोग उत्पन्न किया जाता है। यह कृत्रिम विपरीत रोग शरीर के प्राकृतिक रोग को दबा देता है। जिसके कारण यह अनुभव होने लगता है मानो

का प्राकृतिक रोग स्थापित ही रहता है। परन्तु इसे बल
औषधियों द्वारा उत्पन्न किये गये कृत्रिम रोग का वेग ख
पड़ जाता है तब वह प्राकृतिक रोग पुनः उभर सकता है।

इस नियम अनुसार विरोधी चिकित्सा वाली चिकित्सा
रोग का कुछ समय के लिये शमन हो जाता है परन्तु
पूर्णतया नष्ट नहीं हो पाता।

सदृश चिकित्सा पद्धति (होमियोपैथी) में औषधियों द्वा
कृत्रिम रोग उत्पन्न किया जाता है वह शरीर में स्थित प्राकृति
रोग के समान ही होता है। उसमें अन्तर केवल यही होता
कि प्राकृतिक रोग की अपेक्षा औषधियों द्वारा उत्पन्न कि
गया वैसा ही रोग अधिक शक्तिशाली होता है।

इसका परिणाम यह होता है कि बलवान कृत्रिम रो
अपने से कमजोर प्राकृतिक रोग को दबाकर पहले तो उ
पूर्णतया नष्ट करता तत्पश्चात् जीवन शक्ति के प्रभाव से स्व
भी समाप्त हो जाता है। इस प्रकार शरीर पूर्णतः रोग मु
हो जाता है।

घरेलू चिकित्सा के लिये होमियोपैथी ही सबसे सफल क्यों ?

इस छोटी सी घरेलू पुस्तिका में जहां हम आगे चलकर रोग, रोग के लक्षण और उसके होमियोपैथी द्वारा सरल और सहज इलाज की बात बतायेंगे—वहीं आपको इस बात को पूरी तरह जान विश्वास कर लेना चाहिये कि होमियोपैथी की सबसे मुख्य सरलता यह है कि इसे नौसिखिया से नौसिखिया इन्सान भी प्रयोग कर सकता है और अगर इसकी दवाएं किसी कारण से फायदा न भी दें तो नुकसान नहीं करतीं।

आपने शायद देखा या सुना हो कि होमियोपैथी की घर में रखी शीशियों की मीठी गोलियाँ छोटे बच्चे खा लेते हैं—छोटे बच्चे ने खा लिया तो खा लिया। उसके लिये चिन्तित या परेशान होने की कोई जरूरत नहीं। अन्य औषधियों के लिये यह बात लागू नहीं हो सकती, वे नुकसान कर जाती हैं।

होमियोपैथी की दवाएं सहजता से सेवन की जा सकती हैं।

होमियोपैथी की दवाएं कम से कम जगह घेरती हैं तथा कम से कम कीमत की उपलब्ध होती हैं।

इसकी मीठी गोलियां बच्चे भी बड़े चाव से खाना पसन्द करते हैं।

इसके गुणों को जानने वाला कोई भी व्यक्ति एक दवा से अनेक रोगों को दूर कर सकता है। कैसे, किस प्रकार? इन बातों को आप आगे चलकर समझेंगे।

एक बात को विशेष रूप से होमियोपैथी में ध्यान रखना आवश्यक है कि इसका इलाज 'ज्यों का त्यों' अर्थात् 'ठीक वही' न होकर उससे मिलता-जुलता हुआ करता है। अर्थात् रोग उत्पन्न करने वाली वस्तु से मिलती-जुलती कोई अन्य वस्तु देकर प्राकृतिक रोग को दूर कर देने की प्रणाली को ही होमियोपैथी कहा जाता है।

उदाहरणार्थ—किसी व्यक्ति द्वारा संखिया खा लेने के कारण यदि उसे वमन, दस्त, तृषा आदि की शिकायत हुई है तो आवश्यक नहीं कि उसे संखिया ही देकर ठीक किया जाये—अपितु संखिया जैसे ही गुण धर्म वाले किसी अन्य पदार्थ को देकर भी उसे ठीक किया जा सकता है।

किसी अन्य वस्तु के सेवन से यदि किसी व्यक्ति को वमन, दस्त, तृषा आदि की शिकायत है तो उसे संखिया (आर्सेनिक

[illegible]) देकर ही ठीक किया जा सकता है।

होमियोपैथी चिकित्सा का मुख्य उद्देश्य यही है कि रोग के लक्षण तथा औषधि के गुण—ये दोनों ही बराबर मिलते-जुलते होने चाहिये।

रोग और उपचार —

जिस प्रकार अन्य चिकित्सा पद्धतियों में रोगों के अनुसार औषधियाँ देने का प्रचलन है, होमियोपैथी में ऐसी बात नहीं है। होमियोपैथी में रोग का कोई नाम नहीं है। इसमें शरीर में होने वाली विकृतियों के लक्षणों के आधार पर चिकित्सा की जाती है। अतः इसे 'लाक्षणिक चिकित्सा विधान' भी कहा जा सकता है।

पाठकों की सुविधा के लिये इस पुस्तक में होमियोपैथी रोगों के नाम का उल्लेख आगे चलकर किया जायेगा।

परन्तु इस बात को ध्यान में रखना आवश्यक है कि होमियोपैथी रोग के किसी नाम को स्वीकार नहीं करती। यह तो लक्षणों के आधार पर शारीरिक विकृतियों को उसी के समान गुण-धर्म वाले पदार्थ औषधियों के माध्यम से दूर करने का प्रयत्न करती है।

शारीरिक विकृति अर्थात् रोग के लक्षणों की पहचान किस प्रकार की जाती है इस सम्बन्ध में आगे चलकर आप जानकारी प्राप्त करेंगे।

अन्य सदृश चिकित्सा पद्धतियां —

प्रकृति का यह नियम है वह शरीर में एक जैसे दो रोगों [illegible]ही रहने देती—यह सिद्धान्त होमियोपैथिक के आविष्कारक डा० क्रिश्चयन फेडरिक सैमुअल हैनीमैन का है। जो [illegible] थोड़ा नाम होमियोपैथी चिकित्सा के जन्म

दाता हैनीमैन, जिन्हें चिकित्सा जगत में महात्मा हैनीमैन के नाम से भी जाना जाता है—का ही है। उनके बारे में संक्षिप्त जानकारी आगे दी जायेगी। यहां यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि होमियोपैथी के अलावा भी आगे चलकर अन्य सदृश चिकित्सा पद्धतियां प्रकाश में आयीं।

डा॰ हैनीमैन के सैकड़ों शिष्य थे। उनके अनेक अमेरिकी शिष्यों ने आगे चलकर चिकित्सा विज्ञान में नये-नये प्रयोग किये। डा॰ हैनीमैन द्वारा प्रतिपादित सदृश चिकित्सा के सिद्धान्तों पर ही डा॰ शिशुकर द्वारा बायोकैमिकल चिकित्सा—डा॰ वोस्टेडर द्वारा 'एण्टीटॉक्सिन'—डा॰ राइट द्वारा 'आप्सोनिन' तथा डा॰ विल्फ्टन द्वारा 'झायो टॉनिक प्लाज्मा' आदि चिकित्सा पद्धतियों का आविष्कार किया गया। मूलतः इन सबको महात्मा हैनीमैन की ही देन समझना चाहिये।

होमियोपैथी के जन्मदाता कौन थे ?

होमियोपैथी चिकित्सा के जन्मदाता डा॰ क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन हैं, इसे पहले बताया जा चुका है।

इनका जन्म 10 अप्रैल 1955 ई॰ को जर्मनी के सैक्सन राज्य के मैसेन नामक नगर में हुआ था।

उनके पिता एक निर्धन व्यक्ति थे—वे मिट्टी के बर्तन तैयार करने वाले एक कारखाने में चित्रकारी का काम करते थे। हैनीमैन परिवार की गरीबी का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि रात्रि में अध्ययन के लिये हैनीमैन जिस मिट्टी के दीपक को जलाते थे, उन्होंने अपने ही हाथों से तैयार किया था।

बीस वर्ष की आयु तक हैनीमैन मैसेन के एक ही विद्यालय में अध्ययन करते रहे, तत्पश्चात् उन्होंने लिपजिग नगर में आकर विद्या अध्ययन किया। बचपन से ही वे बड़े कुशाग्र बुद्धि के थे।

रसायनिक तत्वों की इतनी जानकारी थी उन्होंने अपनी [illegible] में एक नई [illegible] ख्याति प्राप्त कर ली थी। चिकित्सा शास्त्र एवं रसायन विज्ञान के तो वे पारंगत पण्डित थे ही।

इन्होंने जर्मन के अतिरिक्त ग्रीक, अंग्रेजी, फ्रेंच, लैटिन, ग्रीक, हिब्रू, इटालियन, सीरियन, अरबी आदि भाषाओं का भी अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया था।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी डा० हैनीमैन का पहला विवाह 1782 ई० में हेनरिटैस कुचलर नामक एक परम सुन्दरी एवं गुणवती महिला के साथ हुआ। इसके बाद वे यूरोप के एक अस्पताल में चिकित्सक के पद पर कार्य करने लगे। लगभग 10 वर्षों तक उन्होंने एलोपैथी चिकित्सा का कार्य किया। विपरीत चिकित्सा विधान का प्रचार 'हिप्पोक्रेटिस' नामक एक विद्वान द्वारा किया गया था—जिसको हैनीमैन ने काफी दिनों तक समझने का प्रयास किया।

एलोपैथी चिकित्सक का कार्य करते समय हैनीमैन को कुछ ऐसे अनुभव हुए जिससे उनका मन इस चिकित्सा पद्धति से हटता चला गया।

फलतः उन्होंने चिकित्सा का कार्य छोड़ दिया और वे रसायन शास्त्र तथा वैज्ञानिक पुस्तकों का अनुवाद करके आजीविका का उपार्जन करने लगे।

सन् 1790 ई० में डा० कालन लिखित 'एलोपैथिक [illegible]' का जर्मन भाषा में अनुवाद करते समय उन्होंने एक स्थान पर पढ़ा कि 'सिनकोना' नामक औषधि [illegible] तैयार की जाती है—जाड़ा लगकर आने वाले ज्वर [illegible]) को दूर करती है। साथ ही यह भी कि यदि कोई [illegible] सिनकोना का सेवन करे तो उसे जाड़ा लगकर [illegible] भी आ जाता है।

इस विवरण को पढ़कर डॉ॰ हैनीमैन के मन में यह जिज्ञासा उत्पन्न हुई कि क्या कुछ और भी औषधियां हैं जो रोग को उत्पन्न करने तथा उन्हें शान्त करने—दोनों बातों की सामर्थ्य रखती हैं।

सर्वप्रथम उन्होंने अपने स्वस्थ शरीर पर सिनकोना का ही प्रयोग किया—उसके सेवन से उन्हें जाड़ा आकर बुखार आ गया। फिर उसी सेवन से दूर भी हो गया।

बस यहीं से हैनीमैन ने अन्य औषधियों पर भी परीक्षण आरम्भ कर दिये—लगभग छः वर्ष के प्रयोग परीक्षण एवं अनुभव के बल पर उन्होंने 27 ऐसी मुख्य औषधियों को ढूंढ निकाला—जिसमें किसी रोग को उत्पन्न करने तथा उन्हें शान्त करने के ही गुण पाये जाते थे।

2 जुलाई 1843 ई. को महात्मा हैनीमैन का स्वर्गवास हुआ।

दवाइयों का शक्ति-क्रम अथवा पोटैन्सी

होमियोपैथिक चिकित्सा में दवाइयों की शक्ति का बड़ा महत्व है, इस बात को आप आगे चलकर अच्छी तरह समझ सकेंगे। शक्ति को क्रम भी कहते हैं तथा इंग्लिश में पोटैन्सी कहा जाता है। होमियोपैथी में शक्ति तीन प्रकार की होती है। निम्न, मध्यम और उच्च (हाई पोटैन्सी) 1, 1X, 2, 2 X, 3, 3X, इसी तरह 6, 6X तक निम्न पोटैन्सी कहलाती है। 12, 12X से 30, 30X तक मध्यम और 200, 200X या इससे ऊंची शक्ति को उच्च क्रम कहते हैं।

मूल अर्क का निशान क्यू (Q) तथा विचूर्ण का (X) होता है।

जो शक्ति जिस औषधि में उपयुक्त है, वह क्रम या पोटैन्सी

साधारणतया परिच्छेद में प्रत्येक दवाई के साथ आगे लिखा गया है।

दवाई रखने का ढंग:—होमियोपैथिक दवाइयों की गुण सम्बन्धी क्षमता कमजोर होने से इनके रखने का ढंग भी कुछ विशेष बताया जाता है, जैसे जहां दुर्गंध, धुआं या कुहरा आदि हो वहां दवा न रखनी चाहिये। इनके रखने का स्थान शुद्ध, सूखा हो। दवाइयां बक्स में रखनी चाहियें। दवाइयों का तैयार शुदा बक्स होमियोपैथी स्टोर से खरीदा जा सकता है। शीशी का कार्क या ढक्कन ढीला न हो, जिससे हवा न घुस सके।

खराब या बिगड़ी दवा:—तरल दवाई जब गाढ़ी हो जाये या रंग बदल जाये और गोली या सूखी (पाउडर) का रंग सफेद न रह जाये तो उसको खराब समझकर प्रयोग करना उचित नहीं।

कुछ औषधियों का रंग भी होता है, विशेषकर जो निम्न शक्ति (पोटेन्सी) की होती हैं।

दवा की मात्रा—

1. तरल दवाई की मात्रा एक, दो बूंद स्वच्छ जल या मिल्क शुगर (दूध के चूर्ण) में मिलाकर दी जाती है। (दूध का चूर्ण होमियोपैथी की दुकान पर मिलता है)।
2. छोटी गोली नं० 20 तक की चार-छः गोली एक खुराक के रूप में।
3. मध्यम गोली नं० 30 तक दो-दो गोली।
4. बड़ी गोली नं० 40 तक एक-एक गोली।
5. टिकिया की, तीन या चार की मात्रा एक बार में।
6. चूर्ण (पाउडर) दो से चार ग्रेन तक।

बारह वर्ष से कम आयु वालों को आधी मात्रा और बच्चों को चौथाई मात्रा में दवा देनी चाहिये।

अगर यदि किसी कारण दवा ज्यादा मात्रा में दे दी गई है तो भी चिन्ता की कोई बात नहीं। होमियोपैथी में यह विशेष गुण है कि दवा नुकसान नहीं करती। जितनी मात्रा को लाभ करना है, वह करेगी, शेष दवा शरीर में अपने आप अपना शक्ति खो देगी।

दवाई प्रयोग में समय का अन्तर:—साधारण रोग में 3-4 घण्टे का अन्तर रखना चाहिये। ज्यादा कष्टकर रोग के समय, जैसे पेट दर्द में तड़पते रोगी को 5, 10, 15, 30 मिनट के अन्तर से दवा दी जा सकती है।

दवाई खाने से पहले पानी से कुल्ला कर मुंह साफ कर लेना चाहिये। दवा खाने के कुछ समय पहले और कुछ समय बाद तक किसी अन्य वस्तु का प्रयोग नहीं करना चाहिये। बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, इलायची, सुपारी जैसी चीजों का प्रयोग दवा सेवन के समय जहां तक सम्भव हो न करें। वरें तो आध घण्टे पहले और पीछे न कर मुंह को दुर्गन्ध या सुगन्ध से साफ रखें

एक से अधिक दवाओं का प्रयोग कैसे करें ?

जिस प्रकार एक रोगी के रोग लक्षण कई प्रकार के होते हैं उसी प्रकार एक ही दवा के भी कई लक्षण होते हैं। समलक्षण की दवा ढूंढकर देनी चाहिये—जिसका पूर्ण विवरण रोग लक्षण वाले आगे के पृष्ठों पर दिया गया है। घरेलू चिकित्सा के लिये चूंकि इस पुस्तक की उपयोगिता है, अतः यदि आपको रोग लक्षण ढूंढ निकालने में असुविधा है तो आप कोई भी लक्षणानुसार दो-तीन दवा आगे-पीछे रोगी को दे सकते हैं। एक साथ दो दवायें देने से यथेष्ठ लाभ नहीं होता। दस-पांच मिनट का अंतर देकर अन्य लक्षण वाली दवायें दी जा सकती है।

[illegible]

[illegible]

● [illegible] ●

[illegible] रोग में चिकित्सा

[illegible]

[illegible]

[illegible]

चेहरे की आकृति कमजोर, पान के कारण जीवन [illegible] हो और [illegible] । बहुत से मारकिनों के बीच जाने से भर गये—जैसे, नाटक या सिनेमा हॉल में प्रवेश से भर गया। इस बात के लिये [illegible] रहना कि रोग प्रकट न होगा।

रोग ज्वर से संदूषण, सूखी खांसी, पसीने रहित ज्वर में तेज प्यास के साथ उत्कंठा और बेचैनी। पानी बार-बार पीता है। छाती में तथा अन्य प्रकार के घावों के रोग। आंखों को

औषधि विवरण

सं.	हिन्दी नाम	छोटा नाम	अंग्रेजी नाम	छोटा नाम
1	एकोनाइट नैप	एकोन	Aconite Nep	Acon N.
2	एलो	एलो	Aloe	Alon.
3	अर्निका	आर्नि	Arnica Mont	Arn, M.
4	आर्सेनिक एल्ब	आर्स	Arcenic Alb	Ars A
5	बैप्टीशिया	बैप्टि	Baptisia. Tine	Bapt T.
6	बैलेडोना	बैले	Belladona	Bell.
7	ब्रायोनिया	ब्रायो	Bryonia Alb	Bry. A
8	कलकेरिया कार्ब	काल्के. का	Calcarea Carb	Cal. C
9	कैन्थरिस	कैन्थ	Cambaris	Carb
10	कैमोमिला	कैमो	Chamomilla	Cham.
11	चायना	चायना	China Off	Chin Off
12	कोलोसिन्थ	कोलो	Colocynth	Coloc.
13	डल्कामारा	डल्का	Dulcamara	Dulc.
14	हीपर सल्फ	हीपर	Heper Sulph	Hep. S.
15	इग्नेशिया	इग्ने	Ignatia Amara	Ign. A
16	इपिकाक	इपि	Ipecacuauka	Ipce.
17	लैकेसिस	लैके	Lachesis	Lach.
18	लाइकोपोडियम	लाईको	Lycopodium	Lyco
19	मर्कसोल	मर्क	Mercurius Sal	Mcrc. S
20	नक्स वोमिका	नक्स वोम	Nyx Vomica	Nux V.
21	फाइटोलैक्का	फाइटो	Phytolacca	Phyto
22	पल्सेटिला	पल्स	PulsatillaNiq	Puls. N
23	रसटाक्स	रसटाक्स	Rhustox	Rhus. T
24	सीपिया	सीपिया	Sepia	Sepia
25	सल्फर	सल्फ	Sulphur	Sulop.

न्ध रहती है।

आंख, नाक, कान तथा फोड़े फुन्सी में रक्त स्राव होता वह कट जलन करने वाला होता है। अन्य ज्वरों के अतिरिक्त टाइफाइड में भी बहुत गुणकारी है। विशेषकर जब टाइफाइड बहुत दिनों का चल रहा हो।

बैप्टीशिया ३० :—इस दवा की विशेषता: बहुमूल्य समझ हैं। सभी प्रकार के मल-मूत्र, पसीना, श्लेष्मा, जख्मों मवाद आदि में। सांस में बदबू आंत्रिक ज्वर में, ऐसे ज्वर में जिसमें सड़ी बदबू जैसे दस्त होते हैं। गले में जख्म मगर दर्द नहीं होता। तरल पदार्थ पीने में कोई दर्द नहीं होता, परन्तु थोड़ा भी कड़ा पदार्थ निगला नहीं जाता दर्द होता हो।

ज्वर अवस्था में अर्धमूर्छा, बात करते-करते सो जाना सुस्ती तथा मानसिक परिश्रम से अरुचि। चेहरा बर्म तमतमाया हुआ। बच्चों के बदबूदार दस्त में इसका प्रयोग बेहद लाभ होता है। टाइफाइड ज्वर में इसका प्रयोग हितकारी। ऐसे जाड़ा जो माथे से चढ़ता हो पीठ तथा अन्य अंग ऐसे लगते जैसे अंग अंग कुचला जा रहा हो।

बैलेडोना या बेलाडोना ३० :—यह औषधि प्रायः नवीन और तीव्र रोगों में अधिक काम आती है।

पित्त प्रधान तथा रक्त की अधिकता से प्रचण्ड रोग। सर गर्म, चेहरा लाल, सूजन, सारा शरीर इतना कि छुआ न जा में शरीर इतना गर्म जो दूर से ही सेंक जैसी गर्मी मालूम दे।

गाल, ओंठ पर कांटे दिखाई दें—ओंठ बीच में इस कदर लाल मानो अभी रक्त उबल पड़ेगा। बहुत गर्म, सूजन स्थान से मानों आग की लपटें ... दर्द कहीं भी हो, एकाएक आने का बोध होता

और चला जाता हो।

स्त्रियों के पेट में ऐसा मालूम होता है कि पेट का सभी कुछ
नि को तरफ रहा हो, योनि की राह से कुछ बाहर निकल
गा। साथ में पेट में दर्द रहता हो।

आयोनिया 30 :—इस औषधि के अन्तर्गत जो रोग आते
वह सभी पित्ताश्रित रोग होता है। झिल्लियों का सूखापन।
त का प्रकोप बढ़ जाना, जीभ का सूखना, गले और पक्वाशय
सूखापन इसी पक्वाशय के कारण रोगी को प्यास लगती है
र मरीज अधिक पानी पीता है।

पेट की आंशिक झिल्लियों का सूखापन, इनका चिकनापन
ना सूखा कि कब्ज हो जाए। यदि मल आये तो सूखा काला,
ले से, कड़ा मल जला हुआ सा। जीभ फटी मैली व पीले रंग
, मैल जमी और सूखी हुई होती हो।

खांसी कष्ट कर, सूखेपन के कारण बलगम निकलने में कष्ट
क का रंग पीला गाढ़ा। रोगी खांसते समय सीने को दबा ले।
निमोनिया का दर्द हो या प्लूरिसी का अथवा शरीर के भाग में
र्द हो, रोगी दर्द के स्थान को दबाये रखता है।

कलकेरिया कार्ब 30: श्लेष्मा या दूषित वायु से लगने
ली बीमारियों की विशेष औषधि।

लम्बी हड्डी का टेढ़ापन, पीठ की हड्डी का टेढ़ापन।

सारे शरीर में ठण्ड का अनुभव होता हो। सर और पांव
सर ठण्डे रहते हों।

पाचन शक्ति की कमी के कारण मुंह से लेकर पक्वाशय
क खटास, डकार, स्वाद खट्टा, खाया हुआ पदार्थ खट्टा होकर
ह में आये। शरीर से खट्टी गन्ध आये।

जो बच्चे चलने और बोलने में देर कर रहे हों, इस औषधि
प्रयोग लाभप्रद है।

कैम्परिस 30 :—पेशाब का बार-बार होना, परन्तु हर

[illegible]

[illegible]

[illegible]

बच्चों के दाँत निकलने के समय अतिसार, हरे रंग के, अंडे की तरह गन्ध वाले हों, इस दवा से लाभ निश्चित है। बच्चा रोता रहता हो, जिद्दी, चिड़चिड़ा किसी तरह शान्त होता हो। गोद में चढ़कर घूमना चाहता हो।

नये जन्मे बच्चे हों या प्रसूता या युवक अथवा किसी भी आयु का हो पेट में दर्द है, पेट में वायु, गोल की तरह सिकुड़े और वेदना के कारण सीधा न फिरे। क्रोधी उग्रता आदि स्वभाव रहते हों—यह दवा मन्त्र की तरह काम करती है।

रोगी बच्चे का एक गाल लाल और गर्म तथा दूसरा पीला ठण्डा रहता हो। पेट दर्द के समय वायु का निस्सारण तो होता है परन्तु दर्द में कमी नहीं होती।

भोजन के समय पसीना आता हो। दांत में दर्द या चटक होता हो—मुंह में गर्म वस्तु रखने से दर्द असह्य हो उठता

प्रारम्भ होकर टांगों की तरफ नीचे को आता हो। "

सूखी खांसी, निद्रित अवस्था मे खासी, शीत ऋतु में खांसी बढ़ जाती हो। अनिद्रा या पद तलो मे जलन होती हो। इन उपरोक्त लक्षणों मे बड़ों-बच्चों युवा सबके लिये हितकारी है।''

चायना 30 :— वह व्यक्ति जो बलवान तो है, परन्तु मरने से डरता है। जीवन बदमजा है ऐसे ही विचार बने रहते हैं।

रक्त स्राव होने से, स्तन का दूध पिलाने से, वीर्य अधिक क्षय, श्वेत प्रदर (ल्यूकोरिया), पतले पाखाने अधिक होने के कारण पीला मलिन, रसहीन, आकृति दिखाई दे। कमजोरी के कारण मूर्छा आ जाती हो।

सर दर्द ऐसा कि खोपड़ी उड़ी जा रही हो। दर्द की उत्पत्ति का कारण रक्त आदि का ह्रास तथा इन्द्रिय सेवन की अधिकता का परिणाम समझ लेना चाहिये। खड़े होने या चलने फिरने से सर दर्द घटने लगता है।

पेट में दर्द, वायु से सारा पेट भरा मालूम होता है।

जिगर स्थान मे दर्द, दाहिनी पसलियों के नीचे का दर्द आंखें पीली, मल का रंग ठीक न होना, भूख की कमी होते ही खाने की बहुत ज्यादा इच्छा होना।

दर्द स्थान को छूने से दर्द मे वृद्धि होती है।

दांत दर्द में, दांत से दांत के छू जाने से भयकर दर्द।

कोलोसिन्थ 30 :—थोड़ी सी बात में क्रोधित हो जाना, अधीर अप्रसन्न हो जाना, पेट में दर्द, असहनीय दर्द में रोगी आगे को झुककर पेट दबाये, दर्द में आराम मालूम पड़े। लक्षणों मे कोलोसिन्थ राम बाण साबित होती है।

. बायीं और कभी ओर के कूल्हे की संधि में तेज

की तरह दर्द, झुकने से आराम होता है और पीछे पीछे से होकर घुटने के पीछे की तरफ घुटने के गड्ढे तक आता है।

उदर शूल, आंतों में बनावट, जैसे पत्थरों के बीच आंतें दबाई जा रही हों। रोगी दोनों घुटने पेट से लगाकर दबाता है। पेट दबाकर इधर-उधर टहलने लगता है।

दांत निकलते बच्चों में भी ऐसे लक्षणों का पेट दर्द हो सकता है। पेट दर्द की तीव्रता में इस दवा को कभी न भूलना चाहिये।

यह दवा मनुष्य के अलावा, पशुओं के पेट दर्द में भी लाभप्रद है।

डलकामारा 30 :—ठण्डी तर हवा लगने से जुकाम हो जाता हो, नाक से पानी बहता हो।

दस्त पानी की तरह, आंव मिले, पेट में दर्द के साथ, बिना दर्द के दस्त हों।

मलेरिया या वात रोग में गर्दन अकड़ जाय।

बालक बालिकायें नंगे पांव ठण्डे पानी में घूमते हैं तो कभी कभी उनका पेशाब रुक जाता है। औरतों को ऋतु से पहले उद्‌भेद निकलते हैं, इसी से जाना जाता है कि मासिक ऋतु आने वाला है। इन सबमें लाभकारी। दाद जो बरसाती मौसम दोहराया करता है, दाद जिसमें रक्त स्राव होता है। आंवी मस्से निकला करते। वृद्धों का बलगमी श्वास अर्थात् दमा, यह सब रोग लक्षण ऋतु बदलने पर अक्सर पैदा करते हैं।

हीपर सल्फ 30 :—रोग स्थल को छूने से या कपड़ों को छूने से बेहोशी सी पीड़ा हो। दर्द हो, मवाद पैदा हो जाये, मामूली चोट या खरोंच लग जाये तो फोड़ा फुन्सी हो जाये, उसमें जल्दी मवाद पड़ जाता हो।

जिन्होंने पारा या पारा मिली दवा का व्यवहार किया हो, यह दवा अमृत के समान होती है।

खांसी सूखी, जब ठण्डी सूखी हवा लगती हो, खांसी निढाल कर देती हो। शरीर का कोई भी अंग वस्त्र रहित होने से खांसी का जोर बढ़ जाता हो।

दमा रोग से आराम पाने के लिये सीधा या सर पीछे करके बैठता हो—छाती की बायीं ओर काटा गड़ने जैसा दर्द अनुभव करता हो। इस प्रकार के रोगी का दर्द शाम को आरम्भ होता है। सर्दी लगती है—सर्दी लगती है और ज्वर है। रात भर पसीना आता है परन्तु ज्वर घटता नहीं। रोगी के पसीने में गन्दी बदबू बनी रहती है।

बच्चों के दस्त पतले, बदबूदार, खट्टी गन्ध वाले होते हैं। सामान्य कारणों से भी बच्चों के पेट में गड़बड़ी हो जाती है। बच्चे मीठी चीजें खाना पसन्द नहीं करते। वे खट्टी, कड़वी, मसालेदार चीजें खाना पसन्द करते हैं। इन सब लक्षणों में लाभकारी।

इग्नेशिया 30 : – किसी प्रकार का ऐसा मानसिक रोग जिसमें रोगी हंसने लगे, हंसने, और प्रसन्नता की बात में शोक ग्रस्त हो जाना।

भोजन करने के बाद भी पक्वाशय खाली मालूम होना। बवासीर का दर्द असहाय हो रहा हो।

खांसी उठने पर रोके न रुके—बढ़ती जाये। गाड़ी इत्यादि पर यात्रा करने से कब्ज की शिकायत हो जाये।

कोमल स्वभाव वाली स्त्रियों को इस दवा की बहुत जरूरत पड़ती है क्योंकि वे जरा-जरा सी बात पर शोक और दुःख का अनुभव करती हैं, उत्तेजित हो उठती हैं। प्रेम की इच्छा निष्फल होने पर उदासीन हो उठती हैं। गुस्से वाली बात नहीं होती।

हिस्टीरिया रोग ग्रस्त औरतों के लिये विशेष

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible] है ।

[illegible] दर्द [illegible] होता है [illegible] है ।

[illegible] दर्द [illegible] हुआ ।

मलेरिया ज्वर । कुनैन या कुनैन के अब आयुर्वेद में [illegible] समान ज्वर, सिरदर्द के साथ सभी प्रकार के ज्वर । और [illegible] महीनों पर भी लाभप्रद । यदि बारम्बार बार-बार आक्रमण करे । दवा की एक दो मात्राएं एक दो दिन प्रयोग करें [illegible] दूसरे दिन लक्षण अनुसार दूसरी दवा का प्रयोग करने से पुनः ज्वर नहीं आने पाता ।

स्पैगेलिया 30 —सर दर्द बायीं ओर होता है या बायें [illegible] तक भी आर फैल जाता है । नींद की अवस्था में दर्द बढ़ जाता है ।

यदि मुँह के जबड़े में विकार हो और मुँह खोलना न जा[illegible] यह औषधि जबड़ा खोल देती है। गले में दर्द, बायीं [illegible]

...ता है, जीभ कांपती है और बाहर निकलते समय दांतों ...ाती है।

...र अवस्था में बार-बार वमन और मिचली के साथ

...ासीर सूखी या खूनी हो। मस्से बाहर या अन्दर हों। ...सा लटका लगने से मल द्वार के ऊपर की तरफ दर्द का ... यदि रक्त स्राव होता हो तो कालिमा रंग लिये होता

...इसोफोरियम 30 :—यह औषधि शरीर के दाहिने ... होने वाले रोगों के लिये लाभप्रद है। इसका आक्रमण ... दाहिने भाग पर होता है। बालक, युवा तथा वृद्ध ...इसे लाभ लेते हैं। रोग के बढ़ने का समय तीसरे पहर ... बजे तक होता है।

...र दर्द मानो सर फटा जाता है। दिमागी सुस्ती ...ह भी ऐसे ही ज्वर में। अन्धेरे में भी आंख के आगे ...सी दिखाई देना। जुकाम के कारण बन्द नाक का सुश्क ...।

...ढ़गी मल ग्रंथि सूजी तथा उसमें दर्द। गले में नमकीन ... का बलगम निकलता हो। भूख लगती हो मगर एक ...खाने से ही पेट भरा सा मालूम देने लगता है।

...त:विकार, खट्टी डकार, पेट में वायु भरी रहती हो। ...र्दे में दर्द, मूत्र, पथरी, पेशाब में रेत के लाल कण। ... पहले दर्द के कारण बच्चा चिल्लाये।

...यों के दाहिने हिस्सधार का दर्द। तल पेट में दर्द, ... दर्द। अधिक इन्द्रिय सेवन का दुष्परिणाम नामर्दी, ...ा छोटा हो जाना। वृद्धों में शक्ति क्षीण होने पर इस ...ते शक्ति प्राप्त की जा सकती है।

दर्द गोल 30 : शीघ्र तर और धाव गुदा
योन फुन्सी । कभी यू कभी भार बढ़े सूजा।
अन्दर जलन और तारे । नाक की नर्मी अथवा जुकाम
बहुत, अलग करने वाला गाढ़ापानी निकलता है। मूर्ख
जैसा दर्द ।

• यकृत में एक गंदा और मारीन प्रतीत होता है
सुई चुभन जैसा दर्द ।

मासिक ऋतु काल में स्तनों में दर्द—ऋतु साव
आराम होने से दर्द घटने लगता हो । कभी रज रुक
स्तनों में दूध पैदा हो जाना महसूस हो । गर्भ काल में
और वमन ।

युवकों में सेवन के प्रति कमजोरी, शीघ्र पतन । बा
बार इन्द्रिय पर हाथ रखे, शरीर कमजोर होता जाये ।

पेचिश में लाभप्रद ।

नक्स वोमिका 30 :—मानसिक रोगियों के लिये
पुराने रोगी इस दवा से शीघ्र रोग रहित हो जाते हैं
प्रकृति वाले, बदला लेने की प्रबल इच्छा, जिद्दी तथा
स्वभाव ।

अजीर्ण या रात भर जागने से सर दर्द होने लगता
की सर्दी, जुकाम होने पर रात में खुश्क रहता है दिन
की तरह बहता है ।

भोजन के कुछ देर बाद पेट में भार मालूम पड़े जै
पत्थर पड़ा है ।

यकृत बढ़ा हुआ कठोर । मासिक ऋतु अनियमित
कभी समय पर नहीं आता ।

नाभि की आंत उतरना, हार्निया—ज्वर जैसी
उत्ताप तथा जाड़ा अवस्था में ओढ़ने की इच्छा हो ।

पुठी ववासीर दर्द टीस पीड़ा में लाभप्रद।

फाइटोलैक्का 30:—जलवायु के परिवर्तन होने से कुल्हाफैषा के दर्द रोग के आक्रमण को यह दवा रोकती है। रोगी का चेहरा, माथा तथा सर गर्म रहता है। शेष अंग प्रत्यंग ठण्डे रहते हैं। गले का रंग लाल और टेंटुआ बढ़ा हुआ रहता है। स्तनों की सूजन, स्तन कठोर, कड़ी पत्थर की तरह गांठें दस्तों का रंग भूरा।

बच्चों के दस्त रोग में बच्चे अपने दांत या मसूड़े आपस में दबाते हैं। आंखों से पानी बहता है। जुकाम में एक नथुना बन्द दूसरे से पानी बहे। मुंह का स्वाद फीका। गरम पतली वस्तु पीने से अरुचि।

दिल का दर्द जो दाहिनी ओर बढ़ता जाए। अंगुली के जोड़ों में दर्द—दाहिने कन्धे का दर्द।

पल्सेटिला 30:—यह कोमल स्वभाव वाले व्यक्तियों की दवा है—इसलिये यह स्त्रियों के लिए विशेष लाभप्रद मानी जाती है। रोगिणी अपना रोग बताते समय इतनी अधीर कि रोग के लक्षण बताते समय आसू बहाने लगती है। अपना कष्ट बताना कठिन हो जाता है। यह सब कोमल स्वभाव का कारण होता है। दूसरे के प्रति सुहानुभूति प्रकट करती है तथा उसकी चिंता में लीन रहती है। सभी से प्रेम व हमदर्दी करना अच्छा लगता है।

सर में चक्कर जैसे नशे में हो। सर दर्द मानसिक चिंता के कारण और अधिक गरिष्ठ पदार्थों के सेवन के पश्चात् सर गर्म रहे और दर्द शाम को बढ़ता जाये।

आंख के ऊपरी पलक पर अंजली बार-बार निकलती है।

खसरा जब अच्छी तरह नहीं निकलती तो बड़ीं से

मर्क सोल 30 :– जीभ तर और [illegible], जीभ पुलपुली। गन्दी बू वाली लार, मुंह के अन्दर जख्म और छाले। नाक की सर्दी [illegible], बहुत, जलन करने वाला गाढ़ा पानी निकलता है। [illegible] जैसा दर्द।

यकृत में रक्त संचय और बारीक प्रतीत [illegible] सूई गड़ने जैसा दर्द।

मासिक ऋतु काल में स्तनों में दर्द– ऋतु [illegible] आराम होने से दर्द घटने लगता हो। [illegible] स्तनों में दूध पैदा हो जाना मालूम हो। [illegible] और वमन।

युवकों में सेक्स के प्रति कमजोरी, [illegible] बार इन्द्रिय पर हाथ रखे, शरीर कमजोर होता जाये। देखिये हे स भयम।

नक्स वोमिका 30 :—मानसिक रोगियों के लिये [illegible] रोगी इस दवा से [illegible] रोग रहित हो जाते हैं [illegible] काम, [illegible] लेने की [illegible], [illegible] [illegible]।

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] आने के बाद दर्द होने लगता है। [illegible], [illegible] होने पर [illegible] में [illegible] रहता है [illegible] की [illegible] है।

[illegible] के [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] में बाद आराम होता है। [illegible] [illegible] है।

सुनाई देने लगता है या मनमनाहट की ध्वनि कम्पित होती है

जुकाम आदि के कारण भी यूं ही सूंघने की ताकत में कमी हो जाती है और इसी प्रकार मुंह के अंदर स्वाद नहीं रहता। जीभ सूखती है मगर प्यास नहीं लगती। मुंह कड़ुवा तथा लसलसा सुबह के समय होता है। जी मिचलाता है बार-बार कुल्ला करने की इच्छा होती है। भूख लगती है और घी, तेल, मांस आदि की चीजें शौक से खाता है मगर खाना पच नहीं पाता, अपच हो जाता है—इसी के फलस्वरूप अजीर्ण हो जाता है। पेट में गैस बनने की शिकायत। इस दवा सेवन से अवश्य लाभ होता है—इस तरह के अजीर्ण रोग में मुंह कड़ुवा रहता है और सूखता भी है। पानी की प्यास नहीं लगती।

रसटाक्स 30:—जिनको बरसात के दिनों में रोग उभर आते हैं, उनके लिए यह दवा लाभप्रद है। मांस पेशियों में वात का दर्द—ऋतु कैसा भी हो, इसके सेवन से दर्दों में कमी हो जाती है।

किसी ओर में मोच आ जाना, सूजन, दर्द हो तो उस समय रसटाक्स का बार-बार प्रयोग किया जाता है। दर्द व सूजन घट जाती है व ओर अपनी जगह बैठ जाता है।

हड्डियों में दर्द मानों हड्डी अपनी जगह हिली जा रही है।

दर्द कहीं से भी शुरू हो, शरीर को हिलाने से रोग बढ़ता है। कुछ देर अंग के हिलने या चलने से दर्द समाप्त हो जाता है।

भीगने, शराब पीने से, कोप या ठण्ड से दर्द में वृद्धि होती है।

यह पानी से इसका प्यार कम नहीं है। शरीर पर छोटे छोटे दाने उभरते और उनमें अजब खुजली होती है।

चकोता या सर दाद जिसमें बरसाती हवा से वृद्धि हो खुजलाने से खुजली पड़ती हो और त्वचा लाल हो जाती हो।

सीपिया 30—सर दर्द, थोड़ा सा भी हिलाने या दबाने से आराम मिलता हो। सर के केश झड़ जाते हों।

योनि मासिक ऋतु में साफ और अन्य समय गन्दी रहती। पेट खाली है अथवा शून्य रहता है।

गर्भ अवस्था में कब्ज। पाखाना हो जाने के बाद भी दर्द। पेशाब में सड़ी गन्दी बदबू। बच्चे आधी रात से पहले ही सोते हुए पेशाब कर देते हों।

जिन स्त्रियों का मासिक ऋतु बन्द हो गया हो। मूर्छा या हिस्टीरिया की रोगिणी को महसूस होता है कि गले में एक गोला सा अटका हुआ है। यह लक्षण वायुर (हिस्टीरिया का) औरतों में मिला करता है।

पेट के विकार के कारण चेहरे पर काफी मैले-भूरे दाग दिखायी देते हैं। स्त्री रोगी के चेहरे पर पसीना आने के लक्षण भी दिखाई दें। त्वचा व खुजली जननेन्द्रियों के बाहर खुजली।

सल्फर 30:—रक्त विकार, चर्म रोग तथा रक्त में गर्मी की उत्तम औषधि।

रोगी कन्धे झुका कर चलता। स्नान करना नहीं चाहता। रोग अच्छा होकर पुनः बार-बार आक्रमण करे। शरीर के सभी अंगों में गर्मी मालूम पड़े। विशेषकर सर की चोटी, हथेलियों और पैर के तलुओं में जैसे आग की लपटें निकल रही हों।

बवासीर के मस्सों में सुई की गड़न या जलन। चलते समय सिर में दर्द।

स्वप्न दोष के बाद इन्द्रिय में जलन।

मासिक ऋतु शीघ्र। ज्यादह या कम रक्त स्राव के बाद कोई न कोई रोग लगा रहता हो—रोग पीछा नहीं छोड़ता।

स्वास्थ्य बिगड़ता जाता है।

कागज गड़ा गया, जिससे दर्द को ही पूरा होती है। दीर्घकालीन ज्वर—जैसे रहता हो, तो कम में नहीं रहती है।

बहुत कम बाला पसीना—मृत्यु के समय पसीना आना।

खुजली जिसे खुजलाने से आराम मिलता हो, में लाभदायक।

नोट—उपरोक्त 25 दवाइयां डा० हैनीमैन द्वारा होम्यो पैथी मैटीरिया मैडिका में मुख्य स्थान द्वारा मान्यता दी गयी है। डा० हैनीमैन के मतानुसार उपरोक्त दवाओं से स्त्री, पुरुष, बच्चों के शरीर के हर प्रकार के रोग दूर हो जाते हैं।

बायोकैमिक परिभाषा

बायोकैमिस्ट्री शब्द ग्रीक भाषा के 'बायोस' तथा 'कैमिस्ट्री' इन दो शब्दों से मिलकर बना है।

बायोस का अर्थ है जीवन तथा कैमिस्ट्री का अर्थ है रसायन शास्त्र।

अर्थात यह विद्या जो किसी वस्तु के अंशों तथा उसकी बनावट में होने वाले परिवर्तनों के सम्बन्ध रखे।

इस प्रकार बायोकैमिस्ट्री का शाब्दिक अर्थ हुआ जीवन में होने वाले परिवर्तनों पर ध्यान देने वाली विद्या। दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि जिस विद्या के द्वारा—सामान्य जीवन में होने वाले परिवर्तनों (रोग आदि) की जानकारी प्राप्त करके उन पर नियन्त्रण पाया जा सकता है—उसे बायोकैमिस्ट्री कहते हैं।

सिद्धांत:—मानव जीवन में बहने वाले रक्त में—

1. आरगैनिक, 2. इनआरगैनिक—ये दो प्रकार के द्रव्य पाये जाते हैं।

मीठे-खट्टे चर्बी वाले तथा प्रकेशी सदृश पदार्थों को आर-

गैनिक कहा जाता है। तथा पानी, नमक, पोटाश, चूना, सिलो-सिया मैग्नीशिया आदि को इनआरगैनिक कहते हैं।

रक्त में आरगैनिक पदार्थों का अंश 20% तथा इनआर-गैनिक पदार्थों का अंश 65% पाया जाता है।

मानव जीवन में जल का भाग लगभग 75% है तथा नमक का भाग 5% है। अल्प मात्रा मे रहने पर भी नमक सर्वाधिक आवश्यक एवं जीवन प्रदायी अंश है।

यह नमक ही पानी तथा आरगैनिक तन्तुओं को शरीर की वृद्धि करने के योग्य बनाता है।

नमकों की कुल संख्या 12 है।

शरीर में जब किसी नमक का परिमाण कम हो जाता है, तब उसके कारण किसी रोग का जन्म होता है। और यदि उस नमक की कमी को दूर कर दिया जाये, तो शरीर रोग से मुक्त हो जाता है।

शरीर में जिस नमक की कमी के कारण जो रोग हो गया है, उसे दूर करने के लिये—उसी नमक को औषधि के रूप में शरीर के भीतर पहुंचा देना—यही बायोकैमिस्ट्री का प्रमुख सिद्धान्त है।

प्रवर्तक :—सर्वप्रथम होमियोपैथिक के आविष्कारक महात्मा हैनीमैन ने ही पार्थिव लवणों की परीक्षा की थी और सदृश चिकित्सा (होमियोपैथी) में उनका प्रयोग भी किया था।

बाद में डॉ॰ स्टाफ ने भी इस बात का समर्थन किया कि रोग को दूर करने के लिये—मनुष्य शरीर के सभी उपादान, इनमे नमक प्रमुख है—अत्यन्त आवश्यक तथा उपयोगी है।

वैज्ञानिक प्रोवल ने भी इन लक्षणों की भूरि-भूरि की थी।

परन्तु उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में जर्मनी

3. कालीम्यूर — 6. काली फॉस

7. काली सल्फ — 8. मैग्नेशिया फॉस

9. नेट्रम म्यूर — 10. नेट्रम फॉस

11. नेट्रम सल्फ — 12. साइलीशिया

उपरोक्त समस्त 12 औषधियां बाजार में इसी नाम से जानी जाती और प्रयोग की जाती हैं तथा होमियोपैथिक की किसी भी दुकान पर इसी नाम से खरीदी जा सकती हैं।

औषधि तैयार करना : –

बायोकैमिक औषधियां : – चिचूर्ण (पाउडर) के रूप में दी जाती हैं। टिकिया तथा तरल रूप में भी यह औषधियां मिलती हैं। होमियोपैथिक औषधियों की ही भांति इन औषधियों के विभिन्न क्रम पोटेन्सी (मात्रा) तैयार की जाती है – तथा रोगी के रोग अनुसार उनके विभिन्न क्रमों की मात्रा के अनुसार प्रयोग किया जाता है।

एक भाग मूल नमक (औषधियां चिचूर्ण) को नौ भाग सुगर ऑफ मिल्क (दूध की चीनी) के साथ खरल में डालकर दो घण्टे तक घोटने के बाद पहला दाशमिक क्रम तैयार होता है जिसे 1X (वन एक्स) कहते हैं। पहला दाशमिक क्रम की औषधि एक भाग में सुगर ऑफ मिल्क मिलाकर एक घण्टे तक घोटने से ... दाशमिक क्रम 2X (टू एक्स) तैयार होता है।

... प्रकार लम्बे क्रम की औषधि एक भाग में नौ भाग ... मिल्क मिलाकर एक घण्टे घोटते रहने से अगले क्रम ... हैं जैसे 6X, 12X, 30X आदि।

... सैंतीसवें क्रम या एम. एम. तक तैयार किये जाते

[illegible] को औषधि [illegible] देते [illegible] [illegible] [illegible] अनुसार [illegible] [illegible] नहीं [illegible]

[illegible] 60X [illegible] औषधि [illegible] [illegible] [illegible] अनुभव कर ही [illegible] है।

[illegible] औषधि [illegible] पानी में [illegible] ठीक रहता है।

[illegible] पदार्थ [illegible] को साधारण [illegible] के साथ [illegible] चाहिये।

गोलियों को [illegible] कर ऊपर से एक बूंद पानी से भी [illegible] बनाया जा सकता है।

[illegible] औषधि का [illegible] हाथ से नहीं करना चाहिए, उन्हें कागज या प्लास्टिक के चम्मच की सहायता से देना चाहिये।

माता :— शिशुओं के एक ग्रेन पाउडर की मात्रा अथवा एक टिकिया की एक मात्रा बननी चाहिये। तरल औषधि की एक बूंद में एक अथवा दो मात्रा बनानी चाहिये।

बड़े बच्चों के लिये उससे दुनी तथा वयस्कों को चौगुनी मात्रा में औषधि देनी चाहिये। वयस्क व्यक्तियों को मात्रा बढ़ा कर 5 से 8 ग्रेन तक दी जा सकती है।

पुड़िया बनाने के लिये औषधि की एक मात्रा के साथ उससे चार गुना सुगर ऑफ मिल्क मिला देनी चाहिये।

औषधि सेवन :—औषधि सेवन कराने से पूर्व रोगी को स्वच्छ पानी से कुल्ला करवा कर, उसका मुंह साफ करा देना [illegible] है।

[illegible] रूप में औषधि दी गई हो तो पाउडर को मुंह में [illegible]

कलकर ऊपर से लगभग दो तोले गुनगुना पानी पिला देना चाहिये।

गोली हो तो उसे मुंह में अपने आप घुलने देना चाहिये।

अर्क हो तो दो तोला ताजे पानी में डालकर पिलाना चाहिये। अर्क की दो बूंदों को जिह्वा पर डालकर ऊपर से थोड़ा गुनगुना पानी भी पिलवाया जा सकता है।

औषधि देने का समय :—3X से 30X शक्ति तक की औषधियों को प्रति पांच मिनट के बाद दिया जा सकता है।

6X की औषधि तीन-तीन घण्टे के अन्तर से दिन में चार बार।

12X की औषधि को चार-चार घण्टे के अन्तर से दिन में तीन बार तक देनी चाहिये।

सामान्यतः 200X शक्ति की औषधि को सप्ताह में एक मात्रा देनी चाहिये। आवश्यकतानुसार इससे जल्दी भी दी जा सकती है।

पुराने रोग में 200X शक्ति की औषधि की एक मात्रा प्रातःकाल देकर एक सप्ताह तक परिणाम की प्रतीक्षा की जानी चाहिये।

यदि रोगी अथवा उसके परिवारजन औषधि देने के मामले में तसल्ली नहीं रखते अर्थात् सोचते हैं कि सप्ताह में एक मात्रा औषधि भला क्या लाभ देगी—तो उनका विश्वास बनाये रखने के लिये सिर्फ 'सुगर ऑफ मिल्क' की पुड़िया बनाकर दे देना चाहिये तथा दिन में दो तीन बार सेवन के लिये कह देना चाहिये।

जो औषधि के प्रयोग के नियम के जानकार हैं—पूरा विश्वास और इत्मीनान रखते हैं उन्हें मालूम रहता है कि सप्ताह में एक खुराक औषधि के क्या गुण हैं।

किसी भी विधि का इलाज हो सबसे मुख्य बात होती रोगी का विश्वास प्राप्त करना।

1000X शक्ति की औषधि का प्रभाव पन्द्रह दिन त रहता है। घातक रोगों में 200X तथा 1000X शक्ति औषधि का प्रयोग जल्दी भी किया जा सकता है—परन्तु ला होने की स्थिति में समय का अन्तर बढ़ा देना चाहिये।

इस अध्याय में बायोकैमिक की 12 मुख्य औषधियों का ही जिक्र है और उनके विशेष गुण लक्षणानुसार पर ही विचार किया गया है।

बारह लक्षणों के आधार पर बायोकैमिक की निम्नलिखित औषधियों के सूत्र यहां मूल रूप में प्रस्तुत किये गये हैं —

कल्केरिया फ्लोर 6X :—हड्डी के ऊपर झिल्ली, दांतों का इनेमल, चर्म रोग, पत्थर की तरह कठोर गांठें, संयोजन तन्तु, पेशियों की शिथिलता, शिरा स्फूर्ति, हड्डी का बढ़ जाना, हड्डी का नासूर, कमर दर्द।

चोट के बाद हड्डी के ऊपर कठोर ग्रन्थि सी बन जाये। दांतों में कीड़ा लगना, सिर की हड्डी पर सूजन, नाक की हड्डी में दर्द, मसूड़ों में सूजन और फोड़ा, जीभ में चीरे पड़ना, अंग-पटी सी मालूम पड़ना।

खांसते समय बलगम का छिटक कर बाहर निकलना—पेट का बढ़ जाना, पेट फूला—वायु विकार, कमर दर्द, बवासीर के मस्से व खूनी-बादी बवासीर, मल द्वार का फटना, त्वचा पर का सा असर, घाव में हमूओं में दरारें।

शरीर के किसी भाग में पत्थर की तरह कठोर गांठ का होना। स्तनों में कड़ी गांठें (ब्रेस्ट कैंसर) मल द्वार की में दरारें, घाव। ओठों में दर्द, शारीरिक शिथिलता, रोढ़े व मोतिया बिन्द।

हिलने डुलने से चलने से रोग बढ़ जाता हुआ महसूस हो।

कल्केरिया फास 6X :—कमजोरी शिरा रोग, स्त्री रोग, उदर विकार अपच, सूखा रोग, बच्चों के दांत निकलने में विलम्ब। बच्चों के उदर में कष्ट, खून की कमी।

बच्चों की कमजोरी रक्त हीनता। गाल व आंखें गढ़े में, धंसी हुई। सिर पर पसीने की अधिकता। सर में पानी। खोपड़ी की हड्डी में सूखा रोग। माथा बड़ा और गरदन पतली तथा इतनी कमजोर कि अपने सिर का भार भी न उठा सके।

बच्चों की कमजोरी बढ़ रही हो। हाथ-पांव का सुन्न पड़ जाना। पढ़ा हुआ याद न रहे, याद करने के बाद भूल जाना। बूढ़ों के भोजन करते समय पेट में दर्द शुरू हो जाता हो—मानसिक चिन्ता।

कल्केरिया सल्फ 6X :—त्वचा के पुराने रोग, फोड़े, घाव, पीनी पपड़ी वाला दाद तथा तीसरी अवस्था में चर्म रोग इस औषधि के क्षेत्र में आते हैं।

फोड़े फुंसी के घाव में जो रक्त स्राव या मवाद निकलता है वह पीलापन और गन्ध लिये होता है। यदि फोड़ा-फुन्सी पकने से पहले इसका प्रयोग किया जाये तो निश्चित रूप से फोड़ा बैठ जायेगा।

आंख की सूजन के साथ, नवजात शिशुओं की कमजोरी में लाभदायक। चेहरे पर रसभरी फुंसियां, होठों के अन्दर की तरफ छाले या जख्म। मसूढ़ों में फोड़े। जीभ की जड़ में पीला मैल जमा रहता है। पांव के तलुओं में दाह और जलन में इस औषधि से लाभ अवश्य होता है।

चर्म के ऊपर तथा गुदा के घाव और आंतों के घाव में लाभकारी।

फारेम फास 6X :— रक्त की कमी। शिथिलता सूजन, प्रदाहिक सूजन—ज्वर नाड़ी तेज, शरीर के किसी भी द्वार से रक्त स्राव। ठण्ड, में दर्द। निमोनिया, खांसी, सर दर्द—कमजोरी और खून की कमी में लाभदायक।

यह दवाई लौह यानि आयरन है। शारीरिक क्रिया में इसका स्थान महत्वपूर्ण है। लौह ही आक्सीजन को खींचकर शरीर के अन्दर पहुंचाता है। इसमे फास्फोरस रहने के कारण यह औषधि मानव शरीर के लिये अति लाभकारी तथा गुणकर है।

छाती मे दर्द या निमोनिया अथवा खांसी होने पर थूक के साथ रक्त का आना, ऐसी प्रदाहिक अवस्था मे पेशाब मे गर्मी-जलन महसूस होती है। रक्त मिश्रित मूत्र आने पर भी इस दवा से लाभ होता है।

कभी-कभी पेचिश में जब रक्त की अधिकता होती है अथवा कभी पेट में दर्द और बिना मरोड़ के दस्तों में आंव हो तो मानो ज्वर के साथ बारी-बारी देने पर तुरन्त आराम मिलता है। उस समय गुदा द्वार लाल रंग का हो जाता है।

आंख, नाक, मसूड़ों और फेफड़ो से खून गिरना तथा खूनी [illegible] होता है।

इस दवा का प्रभाव शरीर के दाहिने भाग पर अधिक लाभकारी होता है।

सर दर्द [illegible] है। सर का दर्द [illegible] आंखे लाल- [illegible] की [illegible] सूजन, दर्द [illegible] और दर्द [illegible]

[illegible] दर्द की अवस्था या [illegible]

के कारण रक्तहीनता, रोग (क्लोरोसिस) में प्रयोग करने से लाभ होता है।

फेरम फास में लोहा और फास्फोरस होने के कारण फेफड़े के रोग निमोनिया, मंदे तथा आंतों के लिये बहुत ही मुफीद साबित होती है।

दवा रोगी को जो भी रोग हो वह तीव्रता में हो या धीमी गति का लाभकारी है।

काली म्यूर 6X: – सर में पपड़ी या रूसी, कब्ज, काली खांसी, पाकाशय, कब्ज, पेचिश, बवासीर, प्रदर (औरतों में) दर्द, गठिया बात, चर्म की फुसी, चेचक का टीका लगने के बाद उपद्रव और मोतियाबिन्द में लाभप्रद।

जब प्रथम अवस्था के रोग, लक्षण तथा सुर्खी, प्रदाह और तीव्रता, घट कर रोग में कुछ कमी तो आ जाती है तथापि रोग बना रहता है। लाली की जगह कालिमा या लाली में कमी हो जाती है तो इसी अवस्था को दूसरी अवस्था कहकर इस दवा (काली म्यूर) के प्रयोग का समय आ जाता है।

बहने वाले स्राव गाढ़े होते हैं, लाल रक्तस्राव जब कुछ कालिमा में बदल जायें तो उस पर विचार करना पड़ता है।

सर या माथे का दाद, सूखी पपड़ी या जमा हुआ मवाद, जीभ पर सफेद लेप, नाक की सर्दी, (जुकाम) में गाढ़े सफेद श्लेष्मा का स्राव, कान की झिल्ली का बन्द हो जाना या मध्य कर्ण नली से पुराना स्राव (पीप) सफेद और गाढ़ा, टॉन्सल का रंग लाल-कालिमा सूजन लिये हुए।

दमा रोग में श्लेष्मा सफेद और गाढ़ा जमा हुआ जो कष्ट से निकले। खांसी जो पाकाशय से उठती मालूम दे, खांसी का इतना अधिक जोर होता है कि लगे आँखें बाहर निकल पड़ेंगी। काली खांसी, खांसते समय बच्चे का मुंह लाल व नीला हो

जाता हो।

दूध की कमी, घी, तेल या चर्बी से बने भोज्य पदार्थ पचने नहीं, अजीर्ण हो जाता है। मल मैलेरिया और दस्त पैदा करती है। बवासीर खूनी, खून का रंग सुर्ख नहीं होता। लेकिन में रक्त मिश्रित आंव या गाढ़ी चकत्ता-चकत्ता आंव गिरने में— यह दवा शीघ्र लाभ पहुंचाती है।

मासिक रज अनियमित, देर से होना, स्राव थोड़ा और अधिक होता है। श्वेत प्रदर (ल्यूकोरिया) का रंग सफेद या गाढ़ा होता है।

गठिया वात—संधि स्थान में सूजन, आक्रान्त स्थान को छूने से या थोड़ा सा भी हिलने से तेज दर्द और रोगी बेहाल हो जाता है। दर्द की तेजी पहली अवस्था की तरह तो नहीं रहती परन्तु दर्द व सूजन कायम रहती है—दर्द रात को बढ़ जाता है।

त्वचा के रोगों में मुंहासे आदि से गाढ़ा सा जमा हुआ मवाद निकलता है।

दाद में भूसी जैसी उठती है।

चेचक का टीका जब बच्चों को लगाया जाता है तो उसके बाद में कई प्रकार के कष्टों को दूर करने में बच्चों के लिये परम हितकारी औषधि साबित होती है।

आग से या किसी अन्य गर्म पदार्थ से जल जाने के बाद ...ले, (फफोले) और दर्द मिटाने के लिये कालीम्यूर ... उपद्रव शीघ्र ही दूर हो जाते हैं।

6A:—स्नायविक दुर्बलता, मस्तिष्क की कम... ...ण, स्नायविक सर दर्द, अनिद्रा, हिस्टीरिया, सड़ने दूषित ज्वर (सैप्टिक ज्वर), टाइफाइड-ज्वर, दुर्गन्ध में लाभकारी।

मानसिक सुस्ती बनी रहती है, इसके अतिरिक्त दिमागी पट्ठों की कमजोरी। हिस्टीरिया, मूर्छा आदि में।

शारीरिक तथा स्नायविक या मानसिक कमजोरी, जबकि साहित्य लिखने या स्वाध्याय में संलग्न रहने, मानसिक परिश्रम करने और बलपूर्वक शरीर से काम लेने वाले व्यक्तियों की थकान और इसी के फलस्वरूप शरीर रोगग्रस्त हो जाता हो या विषग्रोपों की अधिकता के कारण अवसाद में जा गिरने पर फॉस्फोरस रोगियों के लिये संजीवनी की तरह कार्य कर दिखाने में समर्थ है।

सर दर्द जो मानसिक कार्य करने के बाद हो त था थकावट का अनुभव करे, चक्कर आते हों और कुछ खा लेने के बाद उक्त रोगों में बढ़ जाने का खतरा रहता हो तो यह दवा लाभदायक है।

सर के पिछले भाग में दर्द, आंखों में दर्द, बायीं कनपटियों में दर्द—जोर से दबाने से दर्द घट जाये। पढ़ते समय आंखों के सामने काले धब्बे उड़ते दिखायी दें, सर दर्द रहे।

नाक से बदबूदार श्लेष्मा का निकलना, गलसुए ज्वर के साथ सूजन। सूजन लाल रंग की हो।

श्वास में गन्दी बदबू जो दूसरों को अप्रिय लगे। जीभ मैली पीले लेप से ढकी, मसूढ़े सूजे हुये पीप और रक्त स्राव होता हो। दांतों का दर्द सर्दी से बढ़ता है, मुंह का स्वाद और बलगम नमकीन सा होता हो।

पेट में शून्यता मालूम हो, पाकाशय से एक गोला सा उठता और गले में आकर रुक जाता है। उदरामय, मल पतला पानी की तरह, चावल का माड़ जैसा। दुर्गन्ध भरा मल तथा सड़ी सी.बुदार वायु का निस्सरण हुआ करता है।

जोड़ पेशियों में दर्द जोड़ों में दर्द या बात के दर्द होते हैं इनके दर्द अपना स्थान बदलते रहते हैं। एक संधि से दूसरे तक गरक जाया करते हैं और पुनः अपने स्थान का ... इसी प्रकार इधर से उधर होने वाले दर्द बाहु व टांगों में ... या कभी बन्द हो जाते हैं तो कभी पुनः शुरू हो जाते हैं— ही ये रोग स्थायी रोग बन जाते हैं।

चर्म रोगों में इससे लाभ होता है। त्वचा सूखी ... रूखी खुश्की या भूसी दिखाई देती है। खसरा के बाद भी ... पर जो खुश्की होती है उसे भी दूर कर देती है।

पीले पतले स्राव वाले फफोले, सुरख से ढके बाहु पर ... इन फुन्सियों को गर्म पानी से धोने पर आराम होने लगता ... दाद या खाज दोनों प्रकार के रोग में लाभप्रद औषधि है। ... पर सूक्ष्म दाने निकलते हैं वह आपस में मिल जाते हैं तो ... का रूप धारण कर लेते हैं।

साधारणतया थकान सुबह जागने पर, शरीर के ... आक्सीजन की कमी महसूस करना या सांस लेने में तक... महसूस कर, क्षय ज्वर, फेफड़े आदि के रोग, त्वचा के ... की खुश्की में इसका सेवन निश्चित रूप से लाभप्रद है।

मैग्नेशिया फास 6 X:—यह स्नायु और पेशियों के ... अन्य दर्दों में भी लाभदायक है। ऐंठन और अंगड़ाई ... प्रधान लक्षण है।

धनुष्टंकार (टेटनेस) जिसे अकड़न कहा जाता है, में ... औषधि है। (टेटनेस) जान लेवा रोग साबित होता है। टे... की पहचान होते ही तुरन्त दवा देने से और नियमित दे... रोग पर काबू पाया जा सकता है।

मगी मर्ज भी खतरनाक माना जाता है, इस रोग में

बच्चे अशक्त होते जाते हैं, [illegible]
जाते हैं। किसी भी वस्तु बदबूदार से [illegible]—
को देखकर मन करते रहते हैं। [illegible]
के कारण शरीर से कमजोर होता जाता है। [illegible]
कारण जोर बच्चे पर ऊपरी हुई, सूखा-रोग की [illegible]
है [illegible] के बाहर से [illegible]
और बच्चे का [illegible] करते रहते हैं। [illegible]
दवा के सेवन का [illegible] हैं—दवा [illegible] कर
कर देगी।

सर दर्द ऐसा जैसे हथौड़ियों से पीटा जा रहा हो।
होकर उठता है तो असहनीय सर दर्द होता है—[illegible]
दबा देने की इच्छा होती है। सूर्योदय से सूर्यास्त तक
बना रहता है। कभी-कभी मिरगी के प्रकार के [illegible]
की कमी के कारण विद्यार्थियों का सर दर्द बढ़ जाता है।

दृष्टि हीनता के साथ सर दर्द शुरू हो जाता है।
शक्ति कमजोर, जिससे वस्तु का आधा भाग दिखाई दे
न दिखाई देता हो। आंख में मानो रेत पड़ गया हो (
कास्टिक जैसी चीज आंख में पड़ जाने से घाव या जख
जाने पर नेट्रमम्यूर की कुछ मात्रा खाने से रोग दूर हो
है। आंख का जख्म भर जाता है।

बच्चा पौष्टिक भोजन करता है पर दुर्बलता नहीं
खासकर गरदन पतली ऐसी जैसे सूखा रोग हो गया हो—
समय यह दवा बच्चे को प्राण दान देती है।

पेट के ऊपरी भाग मे रोग बने रहते हैं—जिगर व तिल
बढ़ी हुई है। कड़वे तथा नमकीन या नमक अधिक खाने
इच्छा होती है।

दिल की धड़कन जोरों की बढ़ जाये—ऐसा जैसे पूरा शरी

हिलता प्रतीत हो।

खांसी के झटके से पेशाब की कुछ बूंदें निकल जाती हों। किसी की मौजूदगी में पेशाब न उतरता हो।

नाखूनों की त्वचा चारों ओर की फटी हुई हो और खुश्क हो—ऐसे लक्षण में दवा मुफीद है।

यह दवाई कब्ज को जड़ से मिटाती है, पानी की तरह पतले दस्त के लिये भी लाभदायी है।

नैट्रमफास 6X :—युवक, वृद्ध, स्त्री, पुरुष, बाल-शिशु हर किसी के अम्लपित्त यानि एसीडिटी की उत्तम औषधि।

आजकल खाने-पीने की अनियमितता के कारण इस रोग की शिकायत ज्यादातर लोगों से सुनने को मिल जाती है। इसके कारण नाना प्रकार के रोग शरीर में सर उठाना आरम्भ कर देते हैं। एसीडिटी या अम्ल पित्त से पैदा होने वाले रोग इस प्रकार के होते हैं—

मानसिक कमजोरी, रात को अनजाने रोग का भय।

युवक पठन-पाठन में मन नहीं लगा पाते।

